इलाहाबाद-झांसी स्नातक चुनाव में ४०.५८ प्रतिशत हुआ मतदान

कौशाम्बी। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव में मतदान सकुशल संपन्न हो गया। जिले में कुल १२ मतदान केंद्र एवं २२ बूथ बनाए गए थे। सुबह ८ से शाम ४ बजे तक कुल ४०.५८ फीसदी यानी ८१७२ वोटरों ने अपने मतों का प्रयोग किया। इनमे ६२७५ पुरुष एवं १८९७ महिला मतदाताओं ने मतदान किया। सबसे अधिक नेशनल इंटर कालेज भरवारी एक बूथ ५१.२३ प्रतिशत मतदान हुआ। चायल ब्लॉक परिसर के मतदान केंद्र के कमरा नंबर दो में २६.२१ फीसदी सबसे कम मतदान पड़े। मतदान के दौरान नेवादा मतदान केंद्र में भाजपा जिला अध्यक्ष ने सपा की गाड़ियों को देखकर भड़के थे। सपा एजेन्ट एवं जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बीजेपी जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाया था। नोकझोक की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मानसिंह यादव मतदान केंद्र पहुच गए। मान सिंह यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की गलती का खामियाजा वोटर भुगत रहे है। भारतीय जनता पार्टी का घमंड खत्म होने जा रहा है। अगर बीजेपी बेईमानी नही करती है तो पूरे ११ सीट पर सपा जीतेगी और बीजेपी हारेगी।



स्नातक चुनाव में मतदान करने के लिए कतार में लगे मतदाता।

हत्या के आरोपित पर तमंचा लेकर घूमने एवं दहशत फैलाने का आरोप

चायल,कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के बरियावां गांव में बीते दिनों हुई युवक की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। हत्या के एक मामले में नामजद आरोपी पर खुलेआम अवैध तमंचा लेकर घूमने और ग्रामीणों में दहशत पैदा करने का गंभीर आरोप लगा है। पीडित पिता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

बरियावां गांव निवासी चन्दीलाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बीते २ अप्रैल २०२६ को उनके बेटे शिवकरन की हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज मामले में प्रेमकुमार की तहरीर पर सुरजीत, रवीन्द्र, अजीत सिंह, रामलाल और रामानन्द समेत अन्य लोगों के नाम विवेचना के दौरान सामने आए थे। पीडित पिता चन्दीलाल का आरोप है कि इस हत्याकांड के बाद से ही विकास कुमार उर्फ 'निरहुवा पुत्र रामलाल लगातार गांव में अवैध तमंचा लेकर घूम रहा है। वह इस प्रकार खुलेआम हथियार लहराकर मोहल्ले और गांव के लोगों के मन में भय पैदा कर रहा है। शिकायतकर्ता का यह भी दावा है कि आरोपी के पास तमंचे के साथ उसकी कुछ तस्वीरें भी मौजूद हैं जो इस बात का पुख्ता प्रमाण हैं। पीडित पक्ष का कहना है कि इस मामले की शिकायत इसके पहले स्थानीय बरियावां पुलिस चौकी पर भी की जा चुकी है लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पुलिस की इस कथित निष्क्रियता से आरोपी के हौसले बुलंद हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पुलिस प्रशासन ने इस पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया तो गांव में कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। पीडित पिता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि ग्रामीणों का भय दूर हो सके और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

चारों भाइयों का मिलन देखकर भावविभोर हुए दर्शक

गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव का समापन, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा परिसर

करारी,कौशाम्बी। गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन वृहस्पतिवार की रात चारों भाइयों के मिलन और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया गया। भरत-राम मिलन का भावुक दृश्य देख दर्शक भावविभोर हो उठे। वहीं, श्रीराम के राज्याभिषेक के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

लीला प्रसंग के अनुसार, १४ वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे। उनके साथ हनुमान जी भी थे। हनुमान जी ने सबसे पहले भरत को श्रीराम के आगमन की सूचना दी। यह समाचार मिलते ही भरत अपने आराध्य भाई से मिलने दौड़ पड़े और उनके चरणों में दंडवत प्रणाम किया। इसके बाद चारों भाइयों का मिलन हुआ। एक-दूसरे को गले लगाते भाइयों का दृश्य देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। लीला के साथ ही रामलीला महोत्सव का समापन हो गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आकाश यादव, निर्देशक सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, कंधई लाल राजपूत, इंद्रजीत मौर्य, डॉ. ज्ञान मौर्य, हरिश्चंद्र मौर्य, ज्ञानेंद्र यादव और कमलेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



भगवान राम का राज्याभिषेक करते कमेटी के पदाधिकारी ।

अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से इलाज के लिए मरीज परेशान

कौशाम्बी। सरसवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयंतीपुर में चिकित्सक की अनुपस्थिति से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा० दिलीप पटेल १२ अक्तूबर से छुट्टी पर हैं। अस्पताल के कई कमरों में ताला लटका रहता है, जबकि केंद्र पर केवल फार्मासिस्ट ही उपस्थित रहते हैं। अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की गैरमौजूदगी के चलते इलाज और दवा के लिए पहुंचने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जयंतीपुर के अलावा बरौली, चंपहा और नागचौरी का पूरवा सहित आसपास गांवों के लोग उपचार के लिए इसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं। ग्रामीणों को उम्मीद रहती है कि सरकारी अस्पताल में उन्हें समय से इलाज और दवाएं मिल जाएंगी, लेकिन डॉक्टर की अनुपस्थिति से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कई महीनों से प्रसव नहीं होते हैं। इसके चलते गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए आठ से दस किलोमीटर दूर दूसरे स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल जाना पड़ता है।

दूरी अधिक होने के कारण महिलाओं और उनके परिजनों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से स्थानीय लोगों को दूसरे केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रामबाबू, गुड्डू, अनिल और सुभाष सहित अन्य लोगों ने उम्मीद जताई है कि स्वास्थ्य विभाग इस समस्या पर ध्यान देकर केंद्र में चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। इससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सकेगा और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

अनुदानयुक्त बीज प्राप्त करने के लिए किसान करें बुकिंग

कौशाम्बी। रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं, चना, मटर, राई, सरसों आदि का बीज किसानों को कृषि विभाग अनुदान पर मुहैया कराएगा। इसे लेकर विभागीय पोर्टल पर बुकिंग चल रही है। उप कृषि निदेशक सतेंद्र कुमार तिवारी ने सभी किसानों को समय से बुकिंग कराते हुए अनुदानित बीज का लाभ प्राप्त करने का आवाहन किया है। जिले के किसानों को उन्होंने बताया है कि वित्तीय वर्ष २०२६-२७ अंतर्गत रबी सत्र के बीजों गेहूं, चना, मटर, राई, सरसों, मसूर, तोरिया की बुकिंग चल रही है। वर्तमान में गेहूं, राई, सरसों बीज की बुकिंग विभागीय पोर्टल पर चल रही है। जिन कृषकों को रबी सत्र के फसलों के बीज अनुदान पर प्राप्त करना है वह अपने पंजीकरण संख्या से किसी भी नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र अथवा स्वयं के मोबाइल से बीज बुकिंग अवश्य करा लें बिना बुकिंग के राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध बीज प्राप्त नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बीज बुकिंग करने में आ रही किसी भी समस्या के निस्तारण हेतु अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज भंडार पर सम्पर्क करें। उनकी समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

नलकूप चलाने में देरी पर आपरेटर पर लोहे की राड से हमला, घायल

चायल,कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में खेत की सिंचाई के लिए नलकूप चलाने में मामूली देरी होने पर एक युवक ने नलकूप आपरेटर पर लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में आपरेटर के मुंह के दो दांत टूट गए और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

काजू निवासी बासदेव पुत्र स्वर्गीय बुद्धन पासी गांव के ही चंदन सिंह ठाकुर के निजी नलकूप पर आपरेटर के रूप में काम करते हैं और वहीं उसकी देखभाल भी करते हैं। पीडित बासदेव के अनुसार २१ अक्टूबर की रात करीब ११ बजे वह नलकूप पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला रामआसरे पुत्र स्वर्गीय मातादीन पासी अपने खेत में पानी लगवाने के लिए वहां पहुंचा। रामआसरे ने नलकूप चालू न होने का कारण पूछा जिस पर बासदेव ने समय देखने के बाद मशीन चालू करने की बात कही। आरोप है कि इतनी सी बात पर रामआसरे आगबबूला हो गया और गालियां देने लगा। जब बासदेव ने इसका विरोध किया तो हमलावर ने हाथ में लिए लोहे की राड से उनके ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। हमले में बासदेव के मुंह के दो दांत टूटकर गिर गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।?घटना के बाद पीडित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पिकअप से सवा दो लाख नकदी सहित मोबाइल चोरी,शिकायत

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के अटसराय से पश्चिम बंगाल के मछली कारोबारी की पिकअप से चोरों ने दो लाख ३० हजार रुपया नकद, मोबाइल व वोटर कार्ड पार दिया है। चोरी की जानकारी होने से कारोबारी की नींद उड़ी है। कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मिल्की मोहनपुर निवासी एसके मंसर पुत्र एसके कौसर करीब १५ साल से सैनी कोतवाली के अटसराय में हाईवे किनारे रहकर मछली का व्यवसाय करते हैं। बुधवार की रात को वह कारोबार कर अपनी पिकअप गाड़ी से वापस लौटे। पिकअप गाड़ी में दो लाख ३० हजार रुपया नकद, मोबाइल व वोटर कार्ड आदि रखकर गाड़ी को लॉक कर दिया। वह अपने कमरे में सो रहा था। रात में चोरों ने पिकअप का गेट खोलकर रुपया, मोबाइल, वोटर कार्ड पार कर दिया। गुरुवार की सुबह एसके मंसर जगा तो पिकअप का खुला गेट देख उसका माथा गरम हो गया। वह भागकर पहुंचा और का नजारा देखा तो उसके होश उड़ गए। रुपया व मोबाइल गायब था।

काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद मामले की तहरीर सैनी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरी का खुलासा करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

सास-बहू को मां-बेटी ने पीटकर किया घायल

कौशाम्बी। सैनी के ककरालीपर (धुमाई) में मामूली बात को लेकर सास-बहू को पड़ोस की महिला ने बेटी के साथ मिलकर बेरहमी से पीट दिया। इससे दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ककरालीपर गांव की शिवपतिया देवी पत्नी स्व. राम प्रताप ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने गांव की ही रूपा देवी को अपनी भैंस अधिया पर दे रखी है। बुधवार को उसने अपनी भैंस वापस मांगी। इसी बात को लेकर रूपा देवी ने उसको गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो रूपा देवी ने अपनी बेटी पलक के साथ मिलकर उसको पीटना चालू कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहू सुमन देवी आई तो उसको भी लाठी-डंडा से पीटा गया। इससे दोनों को चोटें आई। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह बीचबचाव कर मामला शांत कराया। शिवपतिया की तहरीर पर पुलिस ने रूपा देवी व उसकी बेटी पायल के खिलाफ केस दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया भ्रमण



मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम एवं एसपी ।

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ के अंतर्गत इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण ने जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी, कार्यालय क्षेत्र पंचायत मूरतगंज तथा कार्यालय क्षेत्र पंचायत मंझनपुर में स्थित मतदेय स्थलों का भ्रमण किया जिला निर्वाचन अधिकारी ने भ्रमण के दौरान मतदेय स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए।

मतदान स्थल के अंदर सपा की गाड़ियां देखकर भड़के भाजपा जिलाध्यक्ष

कौशाम्बी। स्नातक विधायक के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। १२ केंद्रों में वोटिंग के लिए २२ बूथ बनाए गए थे। नेवादा ब्लॉक के बूथ में मतदान के दौरान दोपहर को हंगामा हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य बूथ पर पहुंचे तो अंदर सपा की गाडियां खड़ी मिलीं। इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने वहां मौजूद दरोगा पर बिगड़ते हुए उसे सपा एजेंट बताया। वहीं सपा के जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर अभद्रता करने व बूथ लूटने के प्रयास का आरोप लगाया। एमएलसी चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। राजनीतिक दलों ने बूथों के बाहर दो सौ मीटर की दूरी पर अपना बस्ता लगा रखा था।

सपा व भाजपा के बस्ते पर ही मतदाता व समर्थकों की भीड़ दिख रही थी। चुनाव के दौरान दोपहर को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य नेवादा ब्लॉक पहुंचे। ब्लाक के बाहर मौजूद कार्यकर्ताओं ने बताया कि सपा के कार्यकर्ता अपने निजी चार पहिया वाहनों से वोटरों को लेकर बूथ के अंदर तक जा रहे हैं। बगल में बस्ता भी लगा रखा है। भाजपा जिलाध्यक्ष बूथ के अंदर पहुंचे तो वहां उन्होंने सपा की झंडा लगी गाडियां दिखी। उन्होंने वहां मौजूद पुलिस कर्मियों से कहा कि गाडियों को सीज कराएं। नाराज जिलाध्यक्ष ने दरोगा को सपा एजेंट तक कहा। इसके बाद बूथ के अंदर अफरा-तफरी मच गई। इस पूरे प्रकरण में सपा के जिला उपाध्यक्ष व बूथ एजेंट जितेंद्र सरोज का आरोप है कि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मारपीट का आरोप लगाते हुए अभद्रता की। जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, यह गलत है। जितेंद्र सरोज ने बूथ लूटने के प्रयास का भी आरोप भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगाया है।

टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों का पैर टूटा

चायल,कौशाम्बी। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह तिल्हापुर मोड़ की ओर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को अनियंत्रित आयल टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों का दायां पैर टूट गया।दोनों को इलाज के लिये एम्बुलेंस की सहायता से एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूचना पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के हटवा गांव निवासी मो. असद पुत्र मो. साबिर शुक्रवार को अपने साथी अब्दुल रहमान पुत्र मो. यूसुफ के साथ बाइक से तिल्हापुर मोड़ बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित आयल टैंकर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।दोनों का दाहिना पैर टूट गया। हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया।घटना की जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

अढ़ौली का मेला २६ से, साफ-सफाई व्यवस्था नदारद

कौशाम्बी। सरसवां ब्लाक के मां आनंदेश्वरी धाम अढ़ौली गांव में सात दिवसीय मेला २६ अक्तूबर से शुरू होगा। मेले को लेकर अभी तक जिम्मेदारों ने साफ-सफाई एवं व्यवस्था को लेकर कोई ठोस इंतजाम नहीं कराया। ऐसे में मेले में आने वाले दर्शकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मां आनंदेश्वरी धाम अढ़ौली गांव क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है। मेले में हजारों लोग पहुंचकर रामलीला का मंचन देखते हैं और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण वध के साक्षी बनते हैं। मां आनंदेश्वरी रामलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह ने बताया।

दहेज न मिलने पर मारपीट कर दिया तलाक, घर से निकाला

कौशाम्बी। दहेज न मिलने पर पति व ससुरालियों ने विवाहिता को ससुराल में जमकर पीटा। पति ने तीन तलाक देकर पत्नी को घर से निकाल दिया। मामले की तहरीर मिलने पर संदीपन घाट थाना पुलिस ने पति समेत नौ ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संदीपन घाट पट्टी परवेजाबाद (बड़ा गांव) अनम इकबाल पुत्र जुनैद आलम की शादी पिपरी के तिल्हापुर मोड़ निवासी मो. राशिद उर्फ अनस के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही अनम को पति व अन्य ससुराली दहेज के लिए परेशान करते थे। आए दिन उसको प्रताड़ित किया जाता था। धमकी दी जाती थी कि यदि अतिरिक्त दहेज नहीं मिला तो वह तलाक दे देगा। आरोप है कि हफ्ता भर पहले ससुराल में उसको पति राशिद उर्फ अनस ने जमकर मारापीटा। इसके बाद तीन तलाक देकर अन्य ससुरालियों की मदद से उसको घर से भगा दिया। पीड़िता अपने घर पहुंची और वाकये की जानकारी परिजनों को दी तो उनके पैरों के नीचे से जमीन सरक गई। मामले की तहरीर संदीपन घाट थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अनम की तहरीर पर पति मो. राशिद उर्फ अनस, ससुर सईद अहमद, सास परवीन, ननद फरहीन, ननदोई मो. नदीम, फुफेरी सास मलका, शमा, शमी इसरार, नफीस उर्फ मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

शिक्षक सत्य प्रकाश को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षा प्रहरी सम्मान-२०२६

कौशाम्बी। जिले के जूनियर विद्यालय कटैया में तैनात शिक्षक सत्य प्रकाश को राष्ट्रीय शिक्षा प्रहरी सम्मान-२०२६ से सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग में नवाचार, आनंदायी शिक्षा और बाल-केंद्रित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित शैक्षिक संवाद मंच (विद्यालय बनें आनंदघर) की ओर से देशभर के चयनित ३७ शिक्षक-शिक्षिकाओं में सत्य प्रकाश का चयन किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा को बाल-सुलभ गतिविधियों, नवाचार और साहित्य से जोड़कर विद्यालय को आनंदघर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रदान किया जाएगा। शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक प्रमोद दीक्षित मलय के अनुसार दो दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन २५ और २६ अक्तूबर २०२६ को लखनऊ के चारबाग स्थित एक होटल में किया जाएगा। समारोह में सत्य प्रकाश को सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और शिक्षा साहित्य भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में एनसीईआरटी नई दिल्ली के शिव मोहन यादव, शिक्षाविद कमलेश जोशी और एकलव्य फाउंडेशन भोपाल के जलज कुमार वर्मा समेत शिक्षा जगत की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। यह सम्मान विद्यालयों में नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करने और बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं आनंददायक बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा।

आरक्षण घोटाले के खिलाफ जनचेतना महायज्ञ आज

कौशाम्बी। जनहित संकल्प पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को आरक्षण घोटाले के खिलाफ जनचेतना महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शनिवार सुबह ११ बजे खास चायल में ग्राम न्यायालय के बगल में आयोजित होगा।

जनहित संकल्प पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को आरक्षण घोटाले के खिलाफ जनचेतना महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम शनिवार सुबह ११ बजे खास चायल में ग्राम न्यायालय के बगल में आयोजित होगा। इसमें एससी, एसटी और ओबीसी की ५० हजार से अधिक आरक्षित नौकरियों में कथित आरक्षण घोटाले की सीबीआई जांच, दोषी अधिकारियों को सजा, बैकलॉग पदों पर नियुक्ति और आरक्षण निगरानी आयोग के गठन की मांग उठाई जाएगी। कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक डॉ. आरएस पटेल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसकी जानकारी विधानसभा प्रभारी ने दी है।

छः माह बाद अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

कौशाम्बी। सराय अकिल के एक गांव की किशोरी गांव का झांसा देकर चरवा के समसपुर गांव का युवक भगा ले गया था। आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज था। छह माह बाद शुक्रवार को पुलिस ने प्रयागराज के पीपल गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है।

सराय अकिल के एक गांव की किशोरी को २४ अप्रैल को चरवा के समसपुर गांव निवासी नितिन गौतम पुत्र मुन्नूलाल झांसा देकर भगा ले गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस को अपहरण की तहरीर दी थी। सरायअकिल थाना पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई थी, लेकिन आरोपी का सुराग नहीं लग रहा था।

शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी नितिन गौतम को प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के पीपलगांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी का चालान कर दिया गया है।

रिज़वी पीजी कालेज से शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुईं छात्राएं



शैक्षणिक भ्रमण वाहन को झण्डी दिखाकर रवाना करते शिक्षक ।

करारी,कौशाम्बी। डा. रिजवी पीजी कॉलेज की छात्राएं शुक्रवार को शैक्षणिक टूर पर मसूरी के लिए रवाना हुईं। छात्राएं मसूरी सहित कई दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर अध्ययन करेंगी।

इस दौरान प्राचार्य डा. एमएस तौफीक ने बताया कि शैक्षणिक टूर में कुल २५ छात्राएं हैं। उनके साथ महाविद्यालय चीफ प्रॉक्टर डा.मुकुंद देव द्विवेदी, डा.जितेंद्र कुमार वर्मा, प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार एवं महिला स्टॉफ भी रवाना हुईं।

डा. रिजवी पीजी कॉलेज की छात्राएं शुक्रवार को शैक्षणिक टूर पर मसूरी के लिए रवाना हुईं। छात्राएं मसूरी सहित कई दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर अध्ययन करेंगी। डा. रिजवी पी०जी० कालेज की छात्राओं के समूह को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एमएस तौफीक व अन्य प्रोफेसरों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्राचार्य डा.एमएस तौफीक ने बताया कि शैक्षणिक टूर में कुल २५ छात्राएं हैं। उनके साथ महाविद्यालय चीफ प्रॉक्टर डा.मुकुंद देव द्विवेदी, डा. जितेंद्र कुमार वर्मा, प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार एवं महिला स्टॉफ भी रवाना हुईं।

बताया कि शैक्षणिक टूर में शामिल छात्राएं एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभाग के प्रोफेसर सबसे पहले मसूरी जाएंगे। इसके बाद देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार आदि दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगी। साथ ही अध्ययन के लिए जरूरी जानकारियां अर्जित कर नोटबुक तैयार करेंगी। इस मौके पर डा.राजेश सक्सेना, डा.अशरफ अब्बास राकेश कुमार शिव प्रसाद बुधराम आदि मौजूद रहे।

महिलाओं-बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव के बताये तरीके



महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिस कर्मी ।

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव, आत्मरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और जरूरत पड़ने पर मदद लेने के तरीकों की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव, आत्मरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और जरूरत पड़ने पर मदद लेने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने सैनी थाना क्षेत्र के मर्दानपुर बजही, पिपरी के बूंदा बाजार, पेरई और तिल्हापुर मोड़, महेवाघाट के भवन सूरी, मोहब्बतपुर पइंसा के मोहब्बतपुर अनेठा, पश्चिम शरीरा बाजार व सराफा बाजार, महिला थाना क्षेत्र के मंझनपुर व ओसा, संदीपन घाट के काजीपुर व जुनेदपुर, चरवा के पन्सौर और कौशाम्बी थाना क्षेत्र के आमा कुआं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को ११२ पुलिस आपातकालीन सेवा, १०९० वूमेन पावर हेल्पलाइन, १८१ महिला हेल्पलाइन, १०९८ चाइल्ड हेल्पलाइन और १९३० साइबर अपराध हेल्पलाइन के बारे में बताया गया। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ के इस्तेमाल की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण, यातायात नियमों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी जागरूक किया। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, आयुष्मान भारत और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने लोगों की समस्याएं सुनने के साथ महिला सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान महिलाओ को बताया गया कि अगर कोई उनको परेशान करता है, तो इसकी तत्काल सम्बंधित थाने में करे, जिससे उसके खिलाफ समय रहते हुए कारवाई किया जा सके।

भैंस बांधने के विवाद में मां-बेटे पर किया हमला

कौशाम्बी। कड़ा धाम के म्योहरा गांव की रज्जन देवी पत्नी गुंडा सोनकर की भूमि पर गांव के ही बब्बू सोनकर व उनके परिजन भैंस बांधते थे। दस अक्तूबर को रज्जन देवी के दामाद ने भैंस बांधने से मना कर दिया। इसको लेकर पड़ोसी बब्बू सोनकर की पत्नी उर्मिला, बेटे आकाश, अंशु, आशीष ने लाठी-डंडा व लोहे का रॉड लेकर रज्जन देवी के घर पर धावा बोल दिया। गाली देते हुए रज्जन देवी को पीटना चालू कर दिया। शोर सुनकर रज्जन का बेटा आयुष भी पहुंच गया। उसने मां को बचाने का प्रयास किया तो उसको रॉड से पीटा गया। मां-बेटे दोनों खून से लथपथ हो गए। गांव के लोगों ने किसी तरह बीचबचाव कर मामला शांत हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा।

एमएलसी मतदान केंद्र पर चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा कार्यालय परिसर में स्थापित एमएलसी मतदान केंद्र पर शुक्रवार को अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान अंतर्गत आईईसी टीम ने मतदाताओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पर्चे वितरित किए तथा कचरे के स्रोत पर पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) के महत्व से अवगत कराया। टीम ने चार प्रकार के डस्टबिन के माध्यम से कचरे को पृथक-पृथक श्रेणियों में एकत्रित करने की अवधारणा भी समझाई। नगर पंचायत प्रशासन ने मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों के रात्रि विश्राम तथा भोजन की समुचित व्यवस्था की। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्र पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जमा करने हेतु भी आवश्यक प्रबंध किए गए। अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ व्यवहार अपनाने के महत्व पर बल दिया। नगर पंचायत प्रशासन ने मतदान केंद्र पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता जागरूकता के माध्यम से नागरिकों को जिम्मेदार एवं जागरूक बनाने की दिशा में प्रयास किया।

किशोरी से छेड़खानी के आरोपित को तीन साल की सजा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ २० मई वर्ष २०२१ को छेड़खानी की गई थी। विरोध करने पर आरोपी राजेश उर्फ रजनी पुत्र इंद्रपाल निवासी रामपुर, चरवा ने किशोरी को जान से मारने की धमकी दी थी।

पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस ने छेड़खानी, धमकी देने व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी के खिलाफ आपरेशन कन्विक्शन के तहत मानीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय से आरोपी को सजा कराई। मामले में अदालत ने दोष साबित होने पर आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।